ing either rural or urban areas specifically. Thus it is not feasible to estimate how much of past plan expenditure has gone into the villages. It is regretted that no meaningful estimate of per capita development outlay on villages can be proposed, either State-wise or on all India basis.

आपात स्थिति के दौरान आकाशवाणी से प्रसारित नाटक और रूपक

3047. **श्री सुरेन्द्र विक्रम** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आपात स्थिति के दौरान आकाशवाणी से प्रसारित कितने नाटकों और रूपकों को वास्तव में अति उत्तम होने की संज्ञा दी जा सकती है;

(ख) आपात स्थिति के दौरान आकाशवाणी में प्रशंसनीय काम करने वाले व्यक्तियों के नाम क्या है;

(ग) सरकार ने उन्हें उनके काम के लिए क्या प्रोत्साहन दिया था; और

(घ) क्या मंत्रालय में ऐसा उत्तम कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहन देने की कोई पद्धति है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल ृष्ण अडवाणी) : (क) आपात स्थिति के दौरान अर्थात जून, 1975 से मार्च, 1977 तक, आकाशवाणी ने लगभग 8,000 नाटक और इतनी ही संख्या में रूपक उन विभिन्न भाषाओं में प्रसारित किये जिनमें आकाशवाणी के केन्द्रों से कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाते हैं। इन कायक्रमों की अवधि 5 मिनट और 60 मिनट के बीच थी।

इनम से 9 नाटकों को और 7 रूपकों को "आकाशवाणी वार्षिक पुरस्कार" दिये गये थे। दो कार्यक्रमों को एशिया पैसिफिक ब्राडकास्टिंग यूनियन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार दिये गये थे। पुरस्कार स्क्रिप्ट और कार्यक्रम तैयार करने की श्रेष्ठता के आधार पर दिये गये।

किसी भी कार्यक्रम को अति उत्तम होने की संज्ञा नहीं दी गई।

(ख) एक विवरण सभा पटल पर रखा है जिसमें उन व्यक्तियों के नाम दिये हुए हैं जिनको 1975 और 1976 में आकाशवाणी पुरस्कार और उसी अवधि के दौरान एशिया पैसिफिक ब्राडकास्टिंग यूनियन के पुरस्कार प्राप्त हुए। [ग्रन्थालय में रख दिया गया। देखिये संख्या एल टी-1295/77]

(ग) इन व्यक्तियों को जो एक मात्र प्रोत्साहन दिया जाता है वह "आकाशवाणी पुरस्कार" है जैसा कि उक्त (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण में दिया हुआ है।

(घ) जी, हां। "आकाशवाणी पुरस्कार" हर वर्ष दिये जाते है।

मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों का विद्युतीकरण

3048. **श्री श्यामलाल धुर्वे : क्या ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पिछड़े आदिवासी क्षेत्रों के विद्युतीकरण के बारे में सरकार की कोई योजना है ;

(ख) यदि हां, तो माण्डला (मध्य प्रदेश) के ग्रामीण क्षेत्रों का विद्युतीकरण करने के लिये सरकार ने क्या उपाय किये हैं ; और

(ग) यदि हां, तो इन क्षेत्रों का विद्युतीकरण कब तक हो जाएगा ?